उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 30.07.2018 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ द्वारा निम्न प्रस्ताव समर्पित किये गये :–

1. **DMFT, PMU के वाहन हेतु ईंधन के लिए 2.00 लाख।**

   DMFT के तहत् कार्यान्वित योजनाओं के नियमित रूप से अनुश्रवण हेतु गठिन PMU द्वारा योजना जाँच भ्रमण हेतु ईंधन उपलब्ध कराया जाना है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए अनुमानित राशि 2.00 लाख।

2. **खनन प्रभावित प्रत्येक पंचायत के विकास हेतु 01 करोड़ की कार्य–योजना।**

   DMFT का मूल उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्र एवं वहाँ निवासी करने वाले लोगों का विकास किया जाना है। इसके तहत् खनन प्रभावित कुल 62 पंचायतों के विकास के लिए प्रत्येक पंचायत हेतु कम से कम 01 करोड़ की कार्य–योजना का अनुमोदन।

3. **DMFT के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक का चयन।**

   DMFT के तहत् राशि का खर्च एवं आय का अंकेक्षण के लिए अंकेक्षक दल का पैनल तैयार करने हेतु उप विकास आयुक्त, रामगढ़ को अधिकृत करना।

विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से उपरोक्त योजनाओं/कार्यों का अनुमोदन किया गया। साथ ही, अन्य योजनाएँ जो न्यास परिषद् द्वारा पारित है तथा संबंधित एजेन्सी को उसका डी0पी0आर0 तैयार कर अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

तद्पोरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 698/जि0यो रामगढ़, दिनांक 04/08/2018

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

04/8/18

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।